भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **116**
सोमवार, 18 नवम्बर, 2019/27 कार्तिक, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

इण्डिया टूरिज्म मार्ट का **उद्‌घाटन**

116. श्री कुलदीप राय शर्माः
डॉ॰ सुभाष रामराव भामरेः
डॉ॰ अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः
श्रीमती सुप्रिया **सदानंद** सुलेः
श्री ए॰के॰पी॰ चिनराजः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में इण्डिया टूरिज्म मार्ट-2019 के दूसरे **आयोजन** का **उद्‌घाटन** किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;
(ग) उक्त इण्डिया टूरिज्म मार्ट में कितने विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया था;
(घ) उक्त इण्डिया टूरिज्म मार्ट के दौरान आयोजित प्रमुख गतिविधियों और घटनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ङ) प्रतिभागियों द्वारा दिए गए सुझावों के साथ पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बैठक में उठाए गए कदम क्या हैं; और
(च) क्या यह मार्ट राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार और आतिथ्य सेवा प्रदाताओं को सुधार करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ट्रेवल मार्ट की तर्ज पर एक वैश्विक टूरिज्म मार्ट बनाने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (च): इण्डिया टूरिज्म मार्ट (आईटीएम) के द्वितीय संस्करण का आयोजन दिनांक 23 से 25 सितम्बर, 2019 तक नई दिल्ली में पर्यटन मंत्रालय की सहायता से फेडरेशन ऑफ **एसोसिएशन** इन इण्डियन टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटेलिटी (एफएआईटीएच) द्वारा किया गया । यह सरकार द्वारा समर्थित तथा उद्योग द्वारा संचालित समारोह था । इस समारोह में भाग लेने के लिए लगभग 58 देशों के 240 टूर ऑपरेटर्स का चयन किया गया । इस मार्ट का उद्देश्य सामान्यता देश में पर्यटन को बढ़ाने और विशेष

रूप से व्यवसाय के अवसर सृजित करने के लिए टूर ऑपरेटरों, राज्य सरकारों आदि सहित भारत के विभिन्न पर्यटन हितधारकों को अपने विदेशी समकक्षों से बातचीत करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना था । विभिन्न पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों को रेखांकित करते हुए प्रदर्शनी, नेटवर्किंग सत्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विदेशी प्रतिनिधियों के परिचायक दौरे आदि, इस समारोह के दौरान आयोजित महत्वपूर्ण गतिविधियां थी । प्रतिभागियों से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई तथा पर्यटन के संवर्धन के लिए भारत सरकार द्वारा की गई पहलों की सराहना की गई ।

****